# 2012 लंदन ओलंपिक, 2 रजत और 4 कांस्य पदक

सुशील कुमार

भारत के स्टार पहलवान सुशील कुमार ने लंदन ओलंपिक में पुरुषों की 66 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता ।

सुशील सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान के अक्ज़ुरेक तनतरोव को 9-6 से हरा कर ओलंपिक के फाइनल में पहुँचने वाले पहले भारतीय पहलवान बने। पहले राउंड में 3-0 की बढ़त लेने के बाद सुशील दूसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी से नीचे थे। फिर भी भारतीय पहलवान ने फाइनल राउंड में 6 अंक स्कोर करने के बाद लंदन के रिवरबैंक एरीना में 9-6 के स्कोर के साथ खेल समाप्त किया । सुशील ने इससे पहले अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के इख्तियोर नवरुजोव को हराया था। सुशील कुमार ने तुर्की के रमजान साहिन, जो 2008 के बीजिंग

ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता थे, के खिलाफ मुक्केबाज़ी का अपना ओपनिंग बाउट जीता।

विजय कुमार

सेना के शार्प शूटर विजय कुमार ने ओलंपिक खेलों में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए पुरुषों के पांच अन्य शीर्ष निशानेबाजों के साथ एक रोमांचक लड़ाई लड़ी।

विजय कुमार रूस के विश्व चैंपियन अलेक्सई क्लिमोव, डिंग फेंग और झांग जियान की चीनी जोड़ी और जर्मन क्रिश्चियन रीट्ज की चुनौती का सामना करते हुए क्यूबा के ल्यूरिस पूपोआ के साथ एक रोमांचक मुक़ाबले में रनर अप बने

जिन्होंने 34 अंको के स्कोर से विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

हिमाचल प्रदेश से सेना के 26 वर्षीय सूबेदार ने सिरीज़ में 40 प्रयासों में से 30 निशाने लगाए जिसमें पांच शॉट प्रत्येक वाले आठ राउंड थे।

creating a new world record in 2008.

गगन नारंग

गगन नारंग ने लंदन ओलंपिक 2012 में देश के लिए पहला पदक जीत कर भारत का खाता खोला । नारंग ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में एक कांस्य पदक जीता ।

नारंग ने 2008 में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के अलावा आईएसएसएफ विश्व कप, विश्व चैम्पियनशिप,राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाड में कई पदक जीते हैं।

साइना नेहवाल

साइना नेहवाल ने बैडमिंटन खेल में भारत को ओलंपिक का पहला पदक दिलाया।

मैरी कॉम

भारत की स्टार महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पाँच बार की विश्व चैम्पियन ने फ्लाईवेट 51 किग्रा वर्ग में  कांस्य पदक जीत कर इतिहास में स्वयं और देश के लिए जगह बना ली।

मणिपुर से "शानदार मैरी", अकेली भारतीय थीं जब महिला मुक्केबाजी ने लंदन ओलंपिक खेलों में शुभारंभ किया।

योगेश्वर दत्त

योगेश्वर दत्त ने ओलंपिक खेलों में पावर पैक्ड फ्रीस्टाइल कुश्ती का शानदार प्रदर्शन किया और एक कांस्य पदक जीता।

सोनीपत, हरियाणा से 29 वर्षीय अनुभवी पहलवान ने  ओलम्पिक में भारत के लिए पांचवें पदक को जीतने के लिए रेपेचेज राउंड में अपने तीनों मज़बूत प्रतिद्वंद्वीयों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की जुझारू भावना और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन किया ।